## संक्षिप्त समाचार

### हरबर्टपुर अंतरराज्यीय बस अड्डे से चारधाम यात्रा बसों का संचालन शुरू

**देहरादून, एजेंसी।** हरबर्टपुर अंतरराज्यीय बस अड्डे से चारधाम यात्रा बसों का संचालन शुरू हो गया है। बस अड्डे पर बिजली, पानी, शौचालय, टेंट और पंखे की व्यवस्था कर दी गई है। हालांकि, अभी चारधाम यात्रा के पंजीकरण शुरू नहीं हुए हैं। यात्रा वाहनों को रोकने के लिए बस अड्डे पर ही व्यवस्था की गई है। मंगलवार को करीब 250 बस और टेंपो ट्रैवलर्स बस अड्डे पर पहुंचे। करीब दस बजे पुलिस ने वाहनों को बस अड्डे पर रोकना शुरू कर दिया। एक-एक घंटे के अंतराल पर 20 बसों और ट्रेंपो ट्रेवलर को कटापत्थर चेकपोस्ट की ओर रवाना किया गया। बस अड्डे पर यात्रियों के लिए टेंट और पंखे लगा दिए गए हैं। शीतल पेयजल के लिए आरओ भी शुरू कर दिया है। यात्रियों के बैठने के लिए दरियां बिछाई गई हैं। बसों से आने वाले चारधाम यात्री बस अड्डे पर भोजन आदि बना रहे हैं। वे व्यवस्था से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। कोतवली प्रभारी राजेश साह ने बताया कि यमुनोत्री धाम में गेट सिस्टम लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि वाहनों को रोकने के लिए बस अड्डा पर ही व्यवस्था की गई है। बताया कि जाम जैसी स्थिति होने पर ही चेकपोस्ट पर वाहन रोके जाएंगे।

### जौनसार बावर में दो दिन पांच घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**देहरादून, एजेंसी।** जौनसार बावर में बुधवार और बृहस्पतिवार को पांच घंटे बिजली गुल रहेगी। साहिया, चकराता, सावड़ा और त्यूणी फीडर से जुड़े क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऊर्जा निगम ने 33 केवी लाइन की मरम्मत के लिए विद्युत आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है। बिजली सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक नहीं रहेगी। अधिशासी अभियंता अमित सक्सैना ने बताया कि 33 केवी की लाइनों की मरम्मत और तारों को बदलने का काम होना है। इस दौरान सहिया फीडर से जुड़े उद्पाल्टा, समाल्टा, कनबुआ, अलसी, सकनी, कोटा तारली, कोरवा, पाजीटीलानी, जिसऊ, घराना, क्वानू, मलीथ, मिनस, हाजा, दसेऊ, गमरी, गबेला, क्वानू, बायला, आसोई व इसके आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति नहीं होगी। चकराता फीडर से जुड़े मंगरौली, होड्डा, लोहारी, टाइगर फाल, क्वांसी, रामताल गार्डन, माक्टी-पोखरी, मटियावा, पुरोड़ी, चिलमिरी, चकराता, टांडवा, बुरांस्वा, मेहरावना, साहिया, तपलाड़, कोटवा में आपूर्ति बंद रहेगी। वहीं, सावड़ा फीडर से जुड़े सावड़ा, त्यूना, मंगताड़, कुनैन, सैंज, अमराड़, झबराड़, खरोड़ा, कोटी-कनासर, बिनसोन, मसक, हड़ताड़, संताड़ में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। त्यूणी फीडर से जुड़े त्यूणी, चांदनी, लखवाड़, रजाणु, अटाल, मजोग, रायगी, कठंग, जिताड़, बानपुर, दर्मीगाड़, सटनधार, चौसार, कथियान, कैराड़, बास्तिल, बिन्हार, फैडिज, अणु, मजोग, कथंग, बानपुर, कथियान, हनोल आदि क्षेत्र में आपूर्ति बाधित रहेगी।

### युवाओं को भर्ती के लिए तैयार करेगी पुलिस

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अब पुलिस युवाओं को सेना और पुलिस भर्ती के लिए तैयार करेगी। पुलिस की ओर से युवाओं को भर्ती का प्रशिक्षण देने के लिए निशुल्क शिविर संचालित किया जा रहा है। बड़ी संख्या में युवा प्रशिक्षण के लिए पहुंच रहे हैं। सेना में भर्ती होने की चाह रखने वाले युवाओं के सपने को साकार करने के लिए पुलिस आगे आई है। पुलिस अल्मोड़ा में युवाओं को भर्ती का निशुल्क प्रशिक्षण दे रही है। इंटरमीडिएट पास युवा प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि संबंधित युवा को सिर्फ एक आवेदन पत्र देना होगा।

### सल्ट के 50 गांवों में तीसरे दिन मिल रहा पानी

**मौलेखाल (अल्मोड़ा), एजेंसी।** सल्ट के 50 गांवों की प्यास बुझाने वाली मानिला-बरकिंडा पंपिंग योजना से जलापूर्ति प्रभावित है। पर्याप्त पानी लिफ्ट न होने से लोग परेशान हैं। हालात यह हैं कि तीसरे दिन नलों में कुछ लीटर पानी टपक रहा है। लोग प्राकृतिक जल स्रोतों की दौड़ लगाने को मजबूर हैं। डोटियाल, सदर, टौना, कुन्हील, सैणा, ईड़ाकोट सहित 50 गांवों में जलापूर्ति करने के लिए मानिला-बरकिंडा पंपिंग योजना को धरातल पर उतारा गया है।

# 50 वर्ष आयु से अधिक वालों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस : स्वास्थ्य विभाग



**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में वर्तमान में गतिमान चारधाम यात्रा में यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। गत वर्ष यात्रा काल में 55 वर्ष से अधिक के लगभग साढ़े सात लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई थी। इस बार 50 वर्ष से अधिक के लोगों की ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मंगलवार को यह बात राज्य के सचिव, स्वास्थ्य डॉक्टर आर राजेश कुमार ने पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कही। सचिव, स्वास्थ्य ने कहा कि इस बार यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। गत वर्ष 140 डॉक्टर तैनात किए गए थे। इनमें 44 स्पेशलिस्ट चिकित्सक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष पहली बार यात्रा में तैनात चिकित्सकों के साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ को एनएचएम के माध्यम से मानदेय की व्यवस्था की गई थी। इस बार भी यह व्यवस्था जारी रखी जा रही है। उन्होंने स्वीकारा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर हमेशा से सुपर स्पेशलिटी सेंटर का अभाव रहा है। इसके दृष्टिगत श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में इस बार कैथ लैब शुरू कर दी गई है। साथ ही 'यू कोट वी पे योजना के जरिए नए सुपर स्पेशलिटी को अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वहीं डॉ. राजेश ने बताया कि कुल 11 भाषा में यात्रा संबंधी एसओपी जारी की गई है। यह एसओपी सभी राज्यों के सचिवों को भेजने के साथ ही यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं को स्टाफ के माध्यम से उनकी भाषा में वितरित की जा रही है ताकि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इस एसओपी में यात्रा के दौरान क्या करें और क्या न करें की बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि जानकी चट्टी में पहली बार मेडिकल पॉइंट बनाया गया है। सचिव ने कहा कि जनसंपर्क के क्षेत्र में पीएसआरआई की अहम भूमिका है। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देने और जन जागरूकता में में अहम योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार जनपद से लेकर ब्लॉक स्तर तक किया जाए। इससे इसकी न केवल सार्थकता होगी, बल्कि पीएसआरआई एक ऐसा नेटवर्क भी बनेगा, जिसकी पहुंच जन-जन तक होगी।

पीएसआरआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी कि संगठन की देश भर में 25 शाखाएं हैं और इसमें सरकारी विभागों के जनसंपर्क अधिकारियों के अतिरिक्त, पब्लिक सेक्टर यूनिट आदि के कार्मिक भी जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य है कि आपसी सहयोग से केंद्र व राज्य सरकारों के सकारात्मक समाचारों को जन-जन तक पहुंचाए। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फोकस करते हुए एक सकारात्मक संदेश जनता तक पहुंचाया जाए। चैप्टर की ओर से डॉ. राजेश को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## मंजूरी के एक साल बाद भी शुरू नहीं हुआ छात्रावास का निर्माण

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों के लिए स्थायी छात्रावास को स्वीकृति मिलने के पांच माह बाद भी बजट का प्रस्ताव तैयार नहीं हो सका है। भू सर्वेक्षण विभाग की स्वीकृति के बाद भी कार्यदायी संस्था जल निगम प्रस्ताव तैयार नहीं कर सका है।

एचएनबी स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों के लिए छात्रावास के निर्माण की योजना है। योजना को एक साल पहले स्वीकृति मिल चुकी है। खेल विभाग की पहल पर बाक्सिंग रिंग के पास छात्रावास निर्माण के लिए एक वर्ष पूर्व भूमि का चयन हुआ। भू सर्वेक्षण की टीम ने भी इसे हरी झंडी दी है और इसके निर्माण की जिम्मेदारी जल निगम को दी गई है। हैरानी है कि भू सर्वेक्षण के पांच माह बाद भी कार्यदायी संस्था बजट का प्रस्ताव तैयार नहीं कर सकी है और छात्रावास का निर्माण लटक गया है। छात्रावास का निर्माण कब शुरू होगा, इसका जवाब न तो खेल विभाग के पास है और न जल निगम के पास। संवाद

खेल विभाग के भवन में संचालित अस्थायी छात्रावास में अल्मोड़ा समेत पिथौरागढ़, पौढ़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, ऋषिकेश, बागेश्वर, द्वाराहाट की 10 महिला खिलाड़ी बैडमिंटन खेल का प्रशिक्षण ले रही हैं। पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिलने से खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



## अब सभी यात्रियों के पंजीकरण की होगी जांच, बैठक में लिए गए यात्रा से जुड़े बड़े फैसले





**देहरादून, एजेंसी।** गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने चारधाम यात्रा को लेकर बैठक की। इस दौरान यह बात सामने आई कि ऑफलाइन यात्री अपनी दी गई तारीख से पहले यात्रा कर रहे हैं। इसकी जांच के निर्देश दिए गए हैं।

चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी यात्रियों के पंजीकरण की अब जांच होगी। बाद की तिथि में पंजीकरण कराने वाले वाहन अगर पहले यात्रा करते पकड़े गए तो परमिट रद्द होगा। साथ ही सख्त कार्रवाई होगी।

गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने चारधाम यात्रा को लेकर बैठक की। अब तक यात्रा में आए 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। यात्रा वाले जिलों के अलावा पौड़ी और टिहरी में होल्डिंग पॉइंट भी बनेंगे। सभी जगह यात्रियों को कुछ घंटे के लिए रोका जाएगा, ताकि यात्रा में जाम जैसे हालात न हों।

यात्रा में आने से पहले पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराने के लिए सभी राज्यों को पत्र भेजा जा रहा है। बिना पंजीकरण और बाद के पंजीकरण वालों को यात्रा मार्ग पर रोका जाएगा। टूर ऑपरेटर्स के साथ ही बैठक की जाएगी। बिना पंजीकरण वालों को यात्रा न कराने की सख्त हिदायत दी जाएगी।

## नया रिकॉर्ड : दो दिन में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पहुंचे तीर्थयात्रीं



**उत्तरकाशी, एजेंसी।**
यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर दो दिनों से रिकॉर्ड भीड़ जुटने से धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया है। जबकि यमुनोत्री की भीड़ और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालु पहुंचे।

इससे धाम में खासी चहल-पहल देखने को मिली। इधर, रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस-प्रशासन ने देर रात तक व्यवस्था बनाई। चारधाम में इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री जुट रहे हैं। करीब 6 किमी पैदल दूरी पर यमुनोत्री धाम में भी रिकॉर्ड यात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं।

यमुनोत्री धाम में 2023 में 28 मई को सर्वाधिक 12045 तीर्थयात्री पहुंचे थे, जो पिछले कई सालों के रिकॉर्ड था। लेकिन इस साल गत दिवस यमुनोत्री में 12148 तीर्थयात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। यमुनोत्री में दर्शन को तीर्थयात्रियों की भीड़ जुटने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन ने बैरियर और गेट सिस्टम लागू कर दिया है।

यहां दो दिनों से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। पिछले साल यमुनोत्री के बाद गंगोत्री में 29 मई को रिकॉर्ड 13670 तीर्थयात्री एक दिन में पहुंचे थे, जो इस साल गत दिवस 18973 हो गया है।

जबकि आज गंगा सप्तमी पर टिहरी और उत्तरकाशी जिले की देव डोलियों के पहुंचने से दबाव रहा। इससे व्यवस्था बनाने में प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

### बेस में इलाज और अल्ट्रासाउंड के लिए लगानी पड़ रही चार किमी की दौड़

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ पा रही हैं। यहां बेहतर उपचार कराना मरीजों के लिए चुनौती साबित हो रहा है। रेडियोलॉजिस्ट की कमी से यहां बीते 15 दिनों से अल्ट्रासाउंड जांच ठप हैं। यहां मरीजों का उपचार तो हो रहा है, लेकिन उन्हें अल्ट्रासाउंड कराने के लिए चार किमी दूर जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है। तीमारदार किसी तरह वाहन बुक कर मरीजों को जिला अस्पताल पहुंचा रहे हैं तब जाकर रिपोर्ट के साथ बेस अस्पताल पहुंच रहे हैं।

बेस अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की कमी मरीजों पर भारी पड़ रही है। अब तक यहां रेडियोलॉजिस्ट की स्थायी तैनाती नहीं हो सकी है। किसी तरह स्वास्थ्य विभाग से बेस अस्पताल को उधारी में रेडियोलॉजिस्ट मिले थे, लेकिन अब उन्हें भी वापस जिला अस्पताल बुला लिया गया है। ऐसे में यहां बीते 15 दिन से अल्ट्रासाउंड ठप हैं। यहां हर रोज 350 से अधिक मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद में पहुंचते हैं। इनमें से 40 से अधिक मरीजों को अल्ट्रासाउंड जांच की जरूरत होती है। रेडियोलॉजिस्ट न होने से उन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर करना मजबूरी बन गया है। इन हालात में मरीज बेस अस्पताल से चार किमी दूर जिला अस्पताल या अन्य सेंटरों में पहुंच रहे हैं तब जाकर वह अल्ट्रासाउंड कराने के बाद रिपोर्ट के साथ बेस अस्पताल पहुंचने के लिए मजबूर हैं।

## सोनप्रयाग में कार की छत पर बैठकर शराब पी रहे थे गाजियाबाद के चार युवक, पुलिस ने सिखाया सबक

**गुप्तकाशी (रुद्रप्रयाग) , एजेंसी।** रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनप्रयाग में कार की छत में बैठक चार युवक शराब पी रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो चारों युवक रौब दिखाने लगे।

केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव सोनप्रयाग में कार की छत में बैठ शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले चार युवकों का आबकारी अधिनियम में चालान किया गया। चारों को भविष्य में इस तरह के कृत्य करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

देर शाम रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनप्रयाग में कार की छत में बैठक चार युवक शराब पी रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो चारों युवक रौब दिखाने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों युवकों को फटकार लगाई।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी तुषार चौधरी,



अभिषेक चौधरी, दीपांशु और राहुल का आबकारी अधिनियम में चालान कर दिया। चारों आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। चालान होने के बाद आरोपी पुलिस माफी मांगने लगे।

## अंतरराज्यीय बस अड्डा और चेकपोस्ट पर पांच घंटे तक यात्रियों के वाहनों को रोका

**देहरादून, एजेंसी।** हरबर्टपुर अंतरराज्यीय बस अड्डा और कटापत्थर चेकपोस्ट पर पुलिस ने करीब पांच घंटे तक चारधाम यात्रियों के वाहनों को रोका। लंबा इंतजार देख विरोध शुरू हो गया। चेकपोस्ट पर कई यात्री धरने पर बैठ गए। कोतवाली प्रभारी के काफी समझाने के बाद यात्री माने। शाम करीब चार बजे से एक-एक कर वाहनों को रवाना करना शुरू किया गया। रात आठ बजे फिर से वाहनों को रोक दिया गया। चेकपोस्ट पर करीब 50 और बस अड्डे पर 30 वाहन रोके गए हैं।

मंगलवार सुबह चार बजे पुलिस ने हरबर्टपुर अंतरराज्यीय बस अड्डे से यमुनोत्री धाम के लिए वाहनों को रवाना करना शुरू कर दिया था। कटापत्थर चेकपोस्ट पर भी खड़े वाहनों को आगे भेजा गया। सुबह 11 बजे तक करीब 200 बसों और ट्रेंपो ट्रैवलर्स को भेज दिया गया। उसके बाद पुलिस ने हरबर्टपुर बस अड्डा और फिर चेकपोस्ट पर वाहनों को रोकना शुरू कर दिया। करीब पांच घंटे तक यात्री फंसे रहे। कई यात्रियों ने विरोध किया और धरना देने लगे। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने यात्रियों को काफी देर तक समझाया। शाम चार बजे वाहनों को आगे भेजने का निर्देश आया। उसके बाद करीब 250 वाहनों को रवाना किया गया। रात को आठ बजे के बाद फिर वाहनों को रोक दिया गया। कोतवाली प्रभारी राजेश साह ने बताया कि बस अड्डे पर 30, चेकपोस्ट पर 50 वाहन रोके गए हैं। नयागांव चेकपोस्ट से कुछ वाहनों को रवाना किया गया। वाहनों की संख्या करीब 60 बताई जा रही है।

### 18 मई को खुलेंगे चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट, गर्भगृह से बाहर लाई गई प्रतिमा



**चमोली, एजेंसी।** 16 मई को पूजा-अर्चना के बाद रुद्रनाथ की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए ल्वींठी बुग्याल पहुंचेगी और 17 मई को डोली देर शाम रुद्रनाथ मंदिर में प्रवेश करेगी। चतुर्थ केदार रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को प्रातः पांच बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मंगलवार को गोपीनाथ मंदिर के गर्भगृह से रुद्रनाथ की प्रतिमा को विधि-विधान से मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया गया है। 16 मई को पूजा-अर्चना के बाद रुद्रनाथ की उत्सव डोली रात्रि प्रवास के लिए ल्वींठी बुग्याल पहुंचेगी और 17 मई को डोली देर शाम रुद्रनाथ मंदिर में प्रवेश करेगी।

## सोमनाथ मेले में झोड़ा, चांचरी की धूम, बिखरे संस्कृति के रंग

**चौखुटिया (अल्मोड़ा), एजेंसी।**
मासी में आयोजित ऐतिहासिक और पौराणिक सोमनाथ मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कलाकारों ने झोड़ा, चांचरी गायन कर संस्कृति के रंग बिखेरे।

मासी में आयोजित सोमनाथ मेले के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सोमनाथ मैदान में कलाकारों ने झोड़े, चांचरी, भगनौल का गायन किया। इनका आनंद लेने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी रही। वहीं गेवाड़ घाटी म्यूजिकल ग्रुप की तरफ से मां नंदा जागर का गायन हुआ। इस दौरान कलाकारों ने कुमाऊंनी, गढ़वाली गीतों की भी मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद सिंह, विशिष्ट अतिथि दिनेश शर्मा रहे। मेले में सजीं दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

चौखुटिया। क्षेत्र की आस्था का केंद्र सोमनाथ मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटी रही। दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। पूरे दिन मंदिर में भक्तों का पहुंचना जारी रहा।



